**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**

**दिनांक 05.05.2024** **समय 18.30**

**000000**

- **राज्य सरकार ने प्रदेश में अवैध खनन, परिवहन और भण्डारण पर प्रभावी कार्रवाई और समन्वय के लिए जिला कलेक्टरों को निर्देश जारी किये।**

- **प्रदेश में अलग–अलग सड़क हादसों में 11 लोगों की मृत्यु।**

- **संत श्री सेन महाराज की जयंती आज– प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर धार्मिक कार्यक्रम और शोभायात्राओं का आयोजन।**

- **राज्य में अगले दो दिन तापमान में 2 से 3 डिग्री सैल्सियस तक बढोतरी होने का पूर्वानुमान।**

00000

राज्य सरकार ने प्रदेश में अवैध खनन, परिवहन और भण्डारण पर प्रभावी कार्रवाई और समन्वय के लिए जिला कलेक्टरों को निर्देश जारी किये है। उद्योग और खान विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा ने सभी कलेक्टरों को पत्र लिखकर अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई, संबंधित विभागों के बीच समन्वय और मार्गदर्शन के लिए जिला स्तरीय कमेटी की तत्काल बैठक आयोजित करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई और समन्वय के लिए जिला कलक्टर की अध्यक्षता में कमेटी गठित है। इसके साथ ही जिला कलक्टरों को बजरी के अवैध खनन, परिवहन और भण्डारण पर कार्रवाई के लिए एसआईटी गठित करने के लिए भी अधिकृत किया हुआ है। श्री शर्मा ने जिला कलक्टरों को जिला स्तरीय कमेटी की बैठक का विवरण राज्य सरकार को भेजने और नियमित बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जयपुर और जोधपुर पुलिस कमिश्नर और सभी पुलिस अधीक्षकों को भी पत्र लिखकर अवैध खनन गतिविधियों पर कार्रवाई में सहयोग करने को लिखा है। श्री शर्मा ने बताया कि खान विभाग की ओर से खनन क्षेत्रों में बजरी के अवैध खनन, परिवहन और भण्डारण की शिकायतों को ध्यान में रखते हुए अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि विभाग ने 130 प्रकरण दर्ज कर एक गिरफ्तारी और 16 एफआईआर दर्ज कराई है।

00000

मुख्य् निर्वाचन आयुक्त् राजीव कुमार ने आज नई दिल्ली में 75 अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों को लोकसभा चुनाव के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने 23 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रतिनिधियों को संबोधित भी किया। इन प्रतिनिधियों को निर्वाचन आयोग ने लोकतंत्र के महापर्व के अवलोकन के लिए आमंत्रित किया था। ये प्रतिनिधि छह राज्यों–महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात, कर्नाटक, मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश की कई लोकसभा सीटों का दौरा करेंगे। उनका यह कार्यक्रम इस महीने की नौ तारीख को समाप्त होगा।

00000

केंद्र सरकार ने प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध हटा दिया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने एक अधिसूचना में कहा है कि न्यूनतम निर्यात मूल्य पांच सौ पचास डॉलर प्रति मिट्रिक टन के साथ यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गये है। इस वर्ष रबी फसलों के अनुमानित अच्छे उत्पादन और सामान्य से अधिक मानसून के पूर्वानुमान के साथ खरीफ फसलों की अच्छी खरीद, बाजार की मौजूदा स्थिति और प्याज की अंतरराष्ट्रीय उपलब्धता जैसे तथ्यों को ध्यान में रखते हुए यह फैसला किया गया है।

00000

केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि खाद्य पदार्थों के लिए प्रयुक्त कीटनाशकों की मात्रा के संबंध में भारत के मानदंड वैश्विक स्तर के हैं और अलग–अलग खाद्य पदार्थों के लिए अलग–अलग मात्रा में कीटनाशकों का उपयोग किया जाता है। कृषि मंत्रालय ने इस संबंध में एक बयान जारी कर, मीडिया की ख़बरों को तथ्यहीन बताया है। मीडिया की ख़बरों में दावा किया गया था कि भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण जड़ी–बूटियों और मसालों में दस गुना तक कीटनाशकों के उपयोग की अनुमति देता है। कृषि मंत्रालय की केंद्रीय कीटनाशक बोर्ड और पंजीकरण समिति कीटनाशकों का विनियमन करती है। इस समिति में 295 से अधिक कीटनाशक पंजीकृत हैं। मसालों में उपयोग के लिए एक सौ 39 कीटनाशक पंजीकृत हैं। कृषि मंत्रालय ने कहा है कि कीटनाशकों के अनुपात को वैज्ञानिक विश्लेषण के आधार पर लगातार संशोधित किया जाता है।

00000

प्रदेश में अलग–अलग सड़क हादसों में 11 लोगों की मृत्यु हो गई और 14 लोग घायल हो गए। सवाईमाधोपुर जिले के बौंली थाना क्षेत्र में दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेस वे पर आज सुबह सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। मृतकों में तीन महिलाएं और तीन पुरुष शामिल हैं। हादसे में दो बच्चे घायल हुए

हैं। कार सवार ये सभी लोग एक ही परिवार के सदस्य थे। पुलिस के अनुसार सीकर से ये लोग रणथंभौर स्थित त्रिनेत्र गणेश मंदिर दर्शन करने जा रहे थे। इसी दौरान बनास पुलिया के पास दुर्घटना हो गई। बौंली थाना अधिकारी धर्मपाल ने बताया कि दुर्घटना में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। शवों को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। हादसे में घायल बच्चों को पहले बौंली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया था, जहां से उन्हें जयपुर रैफर किया गया। वहीं दूसरा सड़क हादसा श्रीगंगानगर जिले के रिडमलसर के पास हुआ जहां कार और 2 मोटरसाईकिलों में हुई टक्कर में पिता–पुत्र की मृत्यु हो गई। इस हादसे में 6 लोग घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद श्रीगंगानगर जिला अस्पताल रेफर किया गया। कोटपूतली बहरोड़ जिले के बानसूर उपखण्ड क्षेत्र के नारायणपुर के पास एक बेकाबू कार पलटने से दो युवकों की मौत हो गई। इस हादसे में चार युवक घायल हो गए। वहीं एक अन्य सड़क हादसे में बूंदी जिले के लाखेरी क्षेत्र में ट्रक की टक्कर से मोटरसाईकिल सवार की मृत्यु हो गई। इस हादसे में मोटरसाईकिल पर सवार एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। हादसे के बाद नाराज लोगों ने प्रदर्शन कर राजमार्ग को बाधित किया। करीब 5 घंटे बाद पुलिस प्रशासन ने समझाइश कर प्रदर्शनकारियों को हटाया। उसके बाद यातायात सामान्य हो गया।

000000

जयपुर के राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में वर्ल्ड हैंड हाइजीन डे के मौके पर आज विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस मौके पर गंदे हाथों से होने वाले संक्रामक रोगों को रोकने के लिये बैनर पोस्टर्स के माध्यम से जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गई। इस अवसर पर कुलपति–प्रोफेसर संजीव शर्मा ने कहा कि स्वस्थ और निरोगी रहने के लिए हमारी स्वच्छता और हाथों का साफ होना बेहद जरूरी है, हाथों के साफ नहीं होने पर शरीर में कई रोगों के उत्पन्न होने की आशंका रहती है। अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. हरीश भाकुनी ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी संक्रमणों से बचाव के लिए हाथ धोने के महत्व पर जोर दिया है।

**00000**

अंतर्राष्ट्रीय हास्य दिवस पर आज प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किये गये। जयपुर के मानसरोवर स्थित सिटी पार्क में हास्य प्रतियोगिता रखी गयी। इसमें लोगों को हंसने, मुस्कुराने और खुश रहने के लिए प्रेरित किया गया। जयपुर ग्रेटर नगर निगम की महापौर सौम्या गुर्जर सहित कई गणमान्य लोगों ने इस कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर सेंट्रल पार्क में भी हास्य आधारित कार्यक्रम आयोजित हुए। इसमें जयपुर के कई नामी हास्य कलाकारों ने लोगों को जमकर हंसाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक बालमुकुन्द आचार्य ने कहा कि जिंदगी को हमे हंसते हुए और अच्छे से जीना चाहिए।

00000

संत श्री सेन महाराज की जयंती के अवसर पर आज प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। केकडी में सेन जयंती के अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई। ये यात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई निकली। शोभायात्रा में बडी संख्या में सेन समाज के लोगों ने भागीदारी की। वहीं टोंक जिले में भी सेन जयंती पर कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। टोंक में कंकाली माता मंदिर से सेन महाराज की आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। भरतपुर में भी सेन महाराज की जयंती धार्मिक उल्लास से मनाई गई। इस अवसर पर शहर में शोभायात्रा निकाली गई।

00000

प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर तापमान में बढोतरी होने से गर्मी का असर बढ गया है। पिछले 24 घंटों में राज्य में अधिकांश स्थानों पर पारा 40 डिग्री सैल्सियस के पार पहुंच गया है। राज्य में सबसे ज्यादा 42 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान पिलानी में दर्ज किया गया। चूरू, अजमेर और भीलवाडा में आज दिन में तेज गर्मी के असर से जनजीवन प्रभावित हुआ। वहीं टोंक में दोपहर के समय बाजारों में लोगों की आवाजाही कम रही। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य के अधिकतर स्थानों पर अगले दो दिन में तापमान में 2 से 3 डिग्री सैल्सियस की बढोतरी होने की संभावना है।

00000

चिकित्सा स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए राष्ट्रीय पात्रता–सह–प्रवेश परीक्षा–एनईईटी आज आयोजित की गई। देशभर के पांच सौ सत्तावन शहरों और विदेश के 14 शहरों में आयोजित हुई इस परीक्षा में 24 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने आवेदन किया था। कोटा में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से 56 परीक्षा केंद्रों पर करीब 28000 अभ्यर्थी पंजीकृत है। परीक्षा को लेकर सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए गए थे।

00000